## प्रेस विज्ञप्ति

### इरेडा और पीएनबी हरित ऊर्जा परियोजनाओं का सह-वित्तपोषण करेंगे




नई दिल्ली, 19 फरवरी 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा ) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने देश भर में नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके हाथ मिलाया है। इरेडा के पंजीकृत कार्यालय, नई दिल्ली में आज हस्ताक्षरित समझौता, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विविध स्पेक्ट्रम के लिए सह-उधार प्रदान करने और ऋण सिंडिकेशन के लिए संयुक्त प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करता है।

इरेडा के महाप्रबंधक, डॉ. आर. सी. शर्मा और पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक, श्री राजीव द्वारा इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ ,श्री अतुल कुमार गोयल ,इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती और इन दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।






इस महत्वपूर्ण सहयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, इरेडा  के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "इरेडा और पीएनबी के बीच यह रणनीतिक साझेदारी देश में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता के लिए  एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी ताकतों और संसाधनों को मिलाकर , हमारा लक्ष्य विभिन्न प्रकार की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करना, स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस  समझौता ज्ञापन और अन्य प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ पूर्व समझौतों के माध्यम से,  वर्ष  2030 तक 500 गीगावाट  गैर-जीवाश्म-आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए माननीय प्रधान मंत्री की सीओपी 26 घोषणा के अनुरूप, इरेडा  बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को वित्त पोषित करने के लिए अच्छी स्थिति में है।  "

इस एमओयू में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए समर्थन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रावधान शामिल हैं। इनमें संयुक्त ऋण प्रदान करना , ऋण सिंडिकेशन और अंडरराइटिंग,इरेडा के उधारकर्ताओं के लिए ट्रस्ट और रिटेंशन अकाउंट (टीआरए ) का प्रबंधन, और इरेडा के  उधारी  पर मूल्य निर्धारण सहित मंजूरी की प्रतिस्पर्धी शर्तों की दिशा में काम करना शामिल है। साथ ही,इरेडा  और पीएनबी  दोनों इस सहयोग के माध्यम से किसी भी संगठन द्वारा जारी बॉण्ड में निवेश कर सकते हैं।

यह सहयोग बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन ओवरसीज बैंक सहित अन्य प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ इरेडा  की सफल साझेदारी को और अधिक मजबूत करता है। ये समझौता ज्ञापन देश भर में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सह-ऋण प्रदान करने और ऋण सिंडिकेशन के बारे में  केंद्रित हैं।